पाली में 8 ग्राम स्मैक के साथ पकड़े गए दोषी को साढ़े 3 साल की कैद और 30 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट में गवाह अपने बयानों से मुकर गए। इसके बाद पुलिस जांच और FSL रिपोर्ट को आधार बनाकर जज ने सजा सुनाई।

# मेथी की आड़ में अफीम उगाई;10 साल की सजा:403 पौधे किए गए बरामद, 12 गवाह सुनकर कोर्ट ने सुनाया फैसला

**bhaskar.com**/local/rajasthan/bhilwara/news/bhilwara-court-sentenced-illegal-opium-cultivation-case-138524992.html

दैनिक भास्कर

July 24, 2026

भीलवाड़ा के आसींद थाना क्षेत्र के मेथी की फसल के बीच अवैध रूप से अफीम की खेती करना एक किसान को भारी पड़ गया। कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए एनडीपीएस एक्ट की दो धाराओं में 10-10 साल के कठोर कारावास और प्रत्येक धारा में एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा

# दो तस्करों को 10-10 साल का कठोर कारावास:1-1 लाख रुपए जुर्माना लगाया, 48KG अफीम डोडा चूरा सहित पकड़ा था

bhaskar.com/local/rajasthan/bhilwara/shahpura/news/shahpura-ndps-court-drug-smuggling-case-sentencing-rajasthan-138520829.html

दैनिक भास्कर

July 23, 2026

एनडीपीएस कोर्ट ने दो तस्करों को 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

अफीम डोडा चूरा तस्करी मामले में विशिष्ट एनडीपीएस कोर्ट, शाहपुरा ने अहम फैसला सुनाया है। न्यायाधीश सानिया हाशमी ने दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए उन्हें 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और एक-एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# अलीगढ़ में महिला ड्रग तस्कर को 3 साल की जेल:10 साल पुराने केस में कोर्ट का फैसला, 15 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ी गई थी

bhaskar.com/local/uttar-pradesh/aligarh/koil/news/aligarh-charra-smack-smuggling-case-court-sentencing-138521664.html

दैनिक भास्कर

July 23, 2026

नरेश प्रताप सिंह| कोल15 घंटे पहले

अलीगढ़ विशेष एनडीपीएस कोर्ट ने महिला तस्कर को आरोपी को दोषी करार देते हुए साढ़े तीन साल की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी शहनाज पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

एडीजीसी एम. जोहरी ने बताया कि 30 अप्रैल 2015 को उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि छर्रा कस्बे के रामलीला ग्राउंड के दक्षिणी गेट के पास एक महिला और एक पुरुष स्मैक बेच रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया था।

### महिला के पास से 15 ग्राम स्मैक मिली थी

पुलिस के अनुसार, तलाशी के दौरान मोहल्ला शिवपुरी, छर्रा निवासी शहनाज पत्नी खचेर खां के पास से रजनीगंधा के डिब्बे और कागज की पुड़ियों में रखी करीब 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई थी। वहीं, दूसरे आरोपी हरिश्चंद्र उर्फ छविराम के कब्जे से करीब 10 ग्राम स्मैक मिलने का दावा किया गया था।

### अभियोजन बोला- नशा युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत में कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी समाज और विशेष रूप से युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। ऐसे मामलों में कठोर सजा जरूरी है, ताकि समाज में कड़ा संदेश जाए।

बचाव पक्ष ने महिला की उम्र, यह उसका पहला अपराध होने और बरामद स्मैक की कम मात्रा का हवाला देते हुए अदालत से नरम रुख अपनाने की अपील की।

### कोर्ट बोली- ऐसे अपराधों में दया का आधार नहीं

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या-5 ने कहा कि नशीले पदार्थों का कारोबार समाज की जड़ों को कमजोर करता है और युवा पीढ़ी को बुरी तरह प्रभावित करता है। ऐसे गंभीर अपराधों में दया का कोई आधार नहीं बनता।

इसके बाद अदालत ने शहनाज को एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी ठहराते हुए साढ़े तीन साल के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। साथ ही जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित करने का आदेश भी दिया।

# बॉर्डर इलाके खाजूवाला में अफीम तस्करी के दो आरोपियों को 15-15 साल का कठोर कारावास

bhaskar.com/amp/local/rajasthan/bikaner/news/two-people-were-sentenced-to-15-years-rigorous-imprisonment-for-opium-smuggling-in-the-border-area-of-khajuwala-dbp-138523499.html

दैनिक भास्कर July 24, 2026

एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत के पीठासीन अधिकारी प्रमोद बंसल ने बॉर्डर इलाके खाजूवाला में अफीम तस्करी के दो आरोपियों को 15-15 साल के कठोर कारावास और कुल चार लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को संदेह का लाभ देकर दोषमुक्त किया गया है।

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की जोधपुर इकाई ने 15 जुलाई, 16 को बॉर्डर इलाके खाजूवाला में ग्राम 20 बीडी बस स्टैंड पर नीटू और गिरधारीराम को बाइक पर 5.073 किग्रा अफीम ले जाते पकड़ा था। दोनों आरोपियों ने कहा था कि जयप्रकाश शर्मा और आत्माराम के निर्देश पर अफीम परिवहन कर रहे थे। एनसीबी ने चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश किया था। एनडीपीएस कोर्ट की विशेष अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपी खाजूवाला निवासी नीटू और नागौर निवासी गिरधारीराम को दोषी माना और प्रत्येक को 15 साल के कठोर कारावास व कुल चार लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं कराने पर आरोपियों को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कोर्ट ने दो अन्य आरोपी जयप्रकाश शर्मा और आत्माराम को संदेह का लाभ देकर दोषमुक्त करार दिया है।

# हेरोइन तस्करी के चार दोषियों को तीन-तीन साल की सजा

अ amarujala.com/haryana/fatehabad/four-convicted-of-heroin-smuggling-sentenced-to-three-years-each-fatehabad-news-c-127-1-shsr1017-157928-2026-07-24

अमर उजाला ब्यूरो July 23, 2026

संवाद न्यूज एजेंसी, फतेहाबाद Updated Fri, 24 Jul 2026 01:44 AM IST

फतेहाबाद। हेरोइन तस्करी के एक मामले में चार दोषियों को तीन-तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमंत यादव ने मामले में फैसला सुनाते हुए दोषी जगसीर सिंह उर्फ सोमी, नरेंद्र कुमार उर्फ नंदू, इंद्रजीत सिंह और इंद्रजीत पर तीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।
न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है, यदि अभियुक्त जुर्माना अदा नहीं करते हैं, तो उन्हें तीन माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। मामला सदर थाना फतेहाबाद में 13 मई 2018 को दर्ज हुआ था।
विज्ञापन

पुलिस ने इस मामले में कुल 75 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। न्यायालय ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत सभी साक्ष्यों की गहन समीक्षा की। इन साक्ष्यों से संतुष्ट होकर न्यायालय ने सभी अभियुक्तों को दोषी ठहराया।
विज्ञापन
इस मामले की प्रभावी पैरवी जिला न्यायवादी देवेन्द्र मित्तल और उप जिला न्यायवादी हरवीर सिंह मलिक ने की। देवेन्द्र मित्तल ने बताया कि पुलिस ने 75 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय के समक्ष ठोस सबूत पेश किए। इन्हीं सबूतों के आधार पर न्यायालय ने दोषियों को सजा सुनाई है।

# कुल्लू में अफीम तस्करी पर बड़ा फैसला, दो दोषियों को 2-2 साल की सजा

himachaldastak.com/kullu-opium-possession-case-two-convicts-jailed-under-ndps-act

Tarun choudhary July 23, 2026

**कुल्लू।** विशेष न्यायाधीश-प्रथम, कुल्लू प्रकाश चंद राणा की अदालत ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 18 के तहत दोषी पाए गए दो आरोपियों मेघ सिंह पुत्र राम सिंह तथा गंभीर सिंह पुत्र विजय राम, दोनों निवासी गांव धारा डाकघर ब्रेहण उप तहसील सैंज जिला कुल्लू को दो-दो वर्ष के कठोर कारावास तथा 12-12 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोनों दोषियों को तीन-तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

जिला न्यायवादी कुल्लू कुलभूषण गौतम ने बताया कि 17 जुलाई, 2019 को एसआई राम लाल के नेतृत्व में एसएनसीसी एवं एफयू कुल्लू की पुलिस टीम बजौरा में नाकाबंदी एवं नियमित गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान मेघ सिंह और गंभीर सिंह को पुलिस ने एक मारुति ईको वाहन (एचपी-66-5534) सहित पकड़ा। वाहन के डैशबोर्ड में रखे बैग से 410 ग्राम अफीम बरामद हुई।

इस बरामदगी के आधार पर थाना भुंतर में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने मामले की जांच पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष ने मामले को सिद्ध करने के लिए न्यायालय में 12 गवाहों के बयान दर्ज करवाए। साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उपरोक्त सजा सुनाई।

# अवैध अफीम खेती मामले में हरदेव गुर्जर को 10 साल की सजा, दो लाख जुर्माना

pratahkal.com/bhilwara/illegal-opium-cultivation-case-hardev-gurjar-gulabpura-1615226

Rajesh Toshniwal, Bhilwara July 23, 2026

## भीलवाड़ा के अफीम खेती मामले में अदालत ने हरदेव गुर्जर को 10 साल की सजा और दो लाख रुपये जुर्माने से दंडित किया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, गुलाबपुरा के न्यायाधीश विनोदकुमार वाजा ने अवैध अफीम की खेती करने के मामले में आरोपी हरदेव गुर्जर को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और कुल दो लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अदालत से मिली सजा के अनुसार, आरोपी हरदेव गुर्जर पुत्र हजारी गुर्जर (68 वर्ष), निवासी अहीरों का खेड़ा, आसींद को अफीम के अवैध पौधे बोने के मामले में दोषी पाया गया। मामले में अदालत ने कठोर कारावास के साथ आर्थिक दंड भी लगाया है।

मामले के अनुसार, 28 मार्च 2019 को थानाधिकारी आसींद की पुलिस टीम ने रूपपुरा पंचायत के अहीरों का खेड़ा गांव में कार्रवाई की थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि हरदेव गुर्जर ने अपने कब्जे वाले खेत में मेथी की फसल के बीच छुपाकर अवैध रूप से अफीम के पौधे उगा रखे हैं।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खेत की जांच की। कार्रवाई के दौरान खेत से अफीम के 403 पौधे जब्त किए गए, जिनका कुल वजन 7 किलोग्राम पाया गया। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और जांच पूरी करने के बाद अदालत में चालान पेश किया।

अदालत में राज्य सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक रेखा चौहान ने पैरवी करते हुए मामले को मजबूती से रखा। अभियोजन पक्ष ने आरोपी के खिलाफ अपराध साबित करने के लिए 12 गवाहों के बयान दर्ज कराए, जबकि 38 दस्तावेजी साक्ष्य और 04 आर्टिकल अदालत में प्रदर्शित कराए गए।

अदालत ने पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का अवलोकन करने के बाद आरोपी हरदेव गुर्जर को दोषी माना और उसे 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा दो लाख रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया। अवैध अफीम खेती से जुड़े इस मामले में अदालत का यह फैसला कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# चरस तस्कर को 13 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

अ amarujala.com/himachal-pradesh/kullu/charas-smuggler-sentenced-to-13-years-of-rigorous-imprisonment-kullu-news-c-89-1-ssml1015-182221-2026-07-23

शिमला ब्यूरो

July 24, 2026

कुल्लू। विशेष न्यायाधीश-प्रथम, कुल्लू प्रकाश चंद राणा की अदालत ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 के तहत दोषी पाए गए एक आरोपी को 13 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा 1 लाख 30 हजार रुपये जुर्माना भी किया गया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपी को 30 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

जिला न्यायवादी कुल्लू कुलभूषण गौतम ने बताया कि 18 अक्तूबर 2022 को एसआई नारायण लाल के नेतृत्व में स्पेशल इन्वेस्टिगेटिंग यूनिट (एसआईयू) कुल्लू की पुलिस टीम मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए गश्त पर थी। पूर्व सूचना के आधार पर चिपनी के समीप तुंग स्थान पर झुड्डू राम के कब्जे से 3.115 किलोग्राम चरस बरामद की गई।

विज्ञापन

इस बरामदगी के आधार पर थाना बंजार में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने मामले की जांच पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष ने आरोप सिद्ध करने के लिए न्यायालय में 13 गवाहों के बयान दर्ज करवाए। साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी झुड्डू राम निवासी गांव गलिंगचा, डाकघर बठाहड़, तहसील बंजार, जिला कुल्लू को दोषी करार देते हुए 13 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

विज्ञापन

# पिथौरागढ़ में चरस तस्कर को 15 वर्ष के कठोर कारावास:2.650 ग्राम चरस के साथ पकड़ा गया था, विशेष सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

**bhaskar.com**/local/uttarakhand/pithoragarh/news/pithoragarh-charas-smuggler-sentenced-15-years-rigorous-imprisonment-138525965.html

दैनिक भास्कर

July 24, 2026

पिथौरागढ़ जिला एवं सत्र न्यायालय।

पिथौरागढ़ न्यायालय के विशेष सत्र न्यायाधीश धनंजय चतुर्वेदी ने चरस तस्कर को 15 वर्ष के कठोर कारावास और 1.50 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# वाराणसी कोर्ट का सख्त फैसला: 120 ग्राम अल्प्राजोलाम के साथ पकड़े गए तस्कर को 10 साल की कैद, एक लाख जुर्माना

अ **amarujala.com**/uttar-pradesh/varanasi/smuggler-caught-in-varanasi-with-120-grams-of-alprazolam-sentenced-to-10-years-in-prison-2026-07-23

Pragati Chand July 23, 2026

## Varanasi News: रेल यात्रियों को नशीला पदार्थ खिलाकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दोषी करन सिंह को अदालत ने 10 साल की कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। उधर, बचाव पक्ष ने दोषी की कम उम्र और पारिवारिक जिम्मेदारियों का हवाला दिया और सजा में नरमी की मांग की।

रेलवे यात्रियों को नशीला पदार्थ खिलाकर सामान चोरी करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत ने दोषी करन सिंह को 10 साल की कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

मामला जीआरपी कैंट थाना क्षेत्र से जुड़ा है। बचाव पक्ष ने आरोपी की कम उम्र और पारिवारिक जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए सजा में नरमी की मांग की, जबकि अभियोजन ने अपराध को गंभीर बताते हुए कठोर दंड की मांग की। अदालत ने दोष सिद्ध होने पर 10 साल की सजा सुनाई।
विज्ञापन

अभियोजन पक्ष के अनुसार, 15 मई 2023 को जीआरपी कैंट और आरपीएफ की संयुक्त टीम रेलवे स्टेशन पर संदिग्धों की निगरानी और गश्त कर रही थी। सूचना मिली कि एक व्यक्ति यात्रियों को नशीला पदार्थ खिलाकर उनका सामान चोरी करता है। ऐसे में टीम ने न्यू यात्री हॉल के पीछे से करन सिंह को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान उसके दाहिने हाथ में पॉलिथीन से 120 ग्राम अल्प्राजोलाम पाउडर बरामद हुआ। भियोजन के मुताबिक, केंद्र सरकार के निर्धारित मानकों के अनुसार अल्प्राजोलाम की वाणिज्यिक मात्रा 100 ग्राम है, जबकि आरोपी के पास से 120 ग्राम मिला था। इस आधार पर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22(सी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

# ईडी ने 70 करोड़ रुपए की मेफेड्रोन ड्रग तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया

**bhaskarhindi.com**/other/hindi-ed-arrests-three-in-70-crore-mephedrone-drug-trafficking-money-laundering-case-20260723195721-1333219

Bhaskar Hindi July 23, 2026

जांच एजेंसी के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इंदौर सब-जोनल ऑफिस ने 70 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडीएमए) से जुड़े ड्रग तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े रैकेट के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

**इंदौर, 23 जुलाई (आईएएनएस)।** जांच एजेंसी के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इंदौर सब-जोनल ऑफिस ने 70 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडीएमए) से जुड़े ड्रग तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े रैकेट के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान वेद प्रकाश व्यास, दिनेश अग्रवाल और अक्षय अग्रवाल के तौर पर हुई है। इंदौर क्राइम ब्रांच द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की गई जांच के बाद उन्हें 21 जुलाई, 2026 को हिरासत में लिया गया था।

यह मामला नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट, 1985 की विभिन्न धाराओं और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दंडनीय अपराधों से संबंधित है।

ईडी के अनुसार, आरोपी और अन्य लोग कमर्शियल मात्रा में मेफेड्रोन रखने और उसकी तस्करी में शामिल थे।

जांच से पता चला कि आरोपियों ने नशीले पदार्थों की तस्करी से अपराध के जरिए काफी पैसा कमाया और उस कैश को कई पर्सनल और बिजनेस बैंक अकाउंट्स के जरिए इधर-उधर किया।

फाइनेंशियल जांच में आपराधिक कमाई को व्यवस्थित रूप से रखने (प्लेसमेंट), लेयरिंग और छिपाने के सबूत मिले।

जांच के दौरान, ईडी ने 17 जुलाई, 2026 को मध्य प्रदेश के इंदौर और मंदसौर में कई जगहों पर बड़े पैमाने पर तलाशी ली।

लगातार निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने के बाद किए गए इन ऑपरेशन्स में आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और आरोपियों की संपत्ति, फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन और बिजनेस से जुड़े सबूत बरामद और जब्त किए गए।

ईडी ने कहा कि जांच के दौरान दर्ज बयानों से यह भी पता चला कि आरोपी अपने नियमित बिजनेस के अलावा नशीले पदार्थों की सप्लाई और तस्करी में भी शामिल थे।

ईडी ने इसे इस इलाके में चल रहे नशीले पदार्थों के व्यापार और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क पर रोक लगाने की दिशा में एक बड़ी कामयाबी बताया है।

अधिकारियों ने कहा कि आरोपी ड्रग तस्करी से होने वाली कमाई को छिपाने के लिए सही बिजनेस का इस्तेमाल कर रहे थे।

सिंडिकेट के दूसरे सदस्यों की पहचान करने, और संपत्तियों का पता लगाने और ड्रग सप्लाई चेन की पूरी हद का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है।

सेंट्रल जांच एजेंसी गिरफ्तार लोगों को कस्टडी रिमांड के लिए तय पीएमएलए कोर्ट में पेश कर सकती है।

यह मामला मध्य प्रदेश में ड्रग तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग के बीच बढ़ते रिश्ते को दिखाता है, जिससे अधिकारियों को संगठित नारकोटिक नेटवर्क पर कार्रवाई तेज करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

ईडी ने लोगों से ऐसी जानकारी देने की अपील की है जो चल रही जांच में मदद कर सके।

# 43 ग्राम MDMA ड्रग के साथ दो गिरफ्तार:शहर में सप्लाइ करने वाले थे, एएनटीएफ-भीनमाल पुलिस की कार्रवाई

bhaskar.com/local/rajasthan/jalore/bhinmal/news/bhinmal-police-antf-action-mdma-drug-seized-arrest-138517699.html

दैनिक भास्कर July 23, 2026

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और भीनमाल पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 43 ग्राम एमडीएमए (मादक पदार्थ) बरामद किया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# दौसा में स्मैक के खिलाफ बड़ी कारवाई, दो मामलों में 2 तस्कर गिरफ्तार

rajasthan.punjabkesari.in/rajasthan/news/dausa-smack-seizure-two-drug-peddlers-arrested-2360668

23 जुलाई 2026

दौसा पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में 15.57 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। मेहंदीपुर बालाजी और कोतवाली थाना पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत सप्लाई नेटवर्क की जांच कर रही है।

दौसा जिले में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 15.57 ग्राम स्मैक बरामद की है। मेहंदीपुर बालाजी और कोतवाली थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए हैं। पुलिस अब दोनों मामलों में मादक पदार्थों की सप्लाई चेन की जांच कर रही है।

## मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र में 13.05 ग्राम स्मैक बरामद

मेहंदीपुर बालाजी थाना प्रभारी सचिन शर्मा ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस टीम बंजारा ढाणी स्थित सरकारी स्कूल के पास पहुंची, जहां संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर उदयपुरा की बंजारा ढाणी निवासी 33 वर्षीय सीताराम गोस्वामी को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से **13.05 ग्राम स्मैक** बरामद हुई। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि वह स्मैक कहां से लाता था और किन लोगों तक इसकी सप्लाई करता था। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

## कोतवाली थाना पुलिस ने 2.52 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी पकड़ा

दूसरी कार्रवाई दौसा शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई। थाना प्रभारी भगवान सहाय ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस टीम श्मशान घाट स्थित श्यालू की बावड़ी के पास पहुंची। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

---

तलाशी लेने पर उसके पास से 2.52 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान किलासागर मोहल्ला निवासी आसीफ खान (28) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह स्मैक बेचने की तैयारी में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

## 45 दिन में 10 आरोपी गिरफ्तार

मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस के अनुसार, पिछले 45 दिनों में एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें अब तक 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# पठानकोट में 8.86 ग्राम हेरोइन के साथ तीन लोग गिरफ्तार:पुलिस ने चेकिंग के दौरान रोका तो लिफाफा फेंक भागने लगे, पीछा कर पकड़ा

bhaskar.com/local/punjab/pathankot/news/behiryan-village-heroin-arrest-punjab-police-drug-crackdown-138520940.html

दैनिक भास्कर

July 23, 2026

पंजाब में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस टीम ने गांव बेहिरयन के पास से 8.86 ग्राम हेरोइन के साथ तीन संदिग्ध युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 23 जुलाई को गश्त के दौरान अंजाम दी

# 1.329KG अफीम सहित 3 तस्कर गिरफ्तार:बाजार कीमत करीब 6.65 लाख रुपए, दोनों सीटों के बीच टूल बनाकर छुपा रखी थी

**bhaskar.com**/local/rajasthan/churu/news/ratangarh-opium-smuggling-arrest-rajasthan-police-churu-drug-seizure-138521308.html

दैनिक भास्कर

July 23, 2026

पुलिस ने रतनगढ़-सालासर मार्ग पर एक कार से अफीम सहित 3 युवकों को गिरफ्तार किया।
चूरू जिले की रतनगढ़ पुलिस ने गश्त के दौरान रतनगढ़-सालासर मार्ग पर एक कार से 1 किलो 329 ग्राम अफीम जब्त की है। जब्त अफीम की बाजार कीमत लगभग 6 लाख 65 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

# जोधपुर : नशे के सौदागरों पर शिकंजा, राजीव गांधी नगर पुलिस और DST वेस्ट की बड़ी कार्रवाई; 46 किलो डोडा पोस्त के साथ आरोपी गिरफ्तार

khaskhabar.com/local/rajasthan/jodhpur-news/news-jodhpur-crackdown-on-drug-traffickers-rajiv-gandhi-nagar-police-and-dst-west-conduct-major-operation-news-hindi-1-830949-KKN.html

Khaskhabar July 23, 2026

**जोधपुर।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जोधपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। राजीव गांधी नगर थाना पुलिस और जिला विशेष टीम (DST) वेस्ट ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जसनाथ नगर क्षेत्र से एक प्रमुख मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र के जसनाथ नगर में दबिश देकर आरोपी संतोक सिंह को धर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 46 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (डोडा पोस्त) बरामद हुआ।

पुलिस ने डोडा पोस्त को जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट (NDPS Act) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण की निष्पक्ष जांच चौपासनी हाउसिंग बोर्ड (CHB) थानाधिकारी गोविंद व्यास को सौंपी गई है, जो नशे की इस खेप के नेटवर्क और मुख्य सप्लायर का पता लगाएंगे।

यह पूरी कार्रवाई पुलिस कमिश्नर अंशुमन भोमिया एवं डीसीपी वेस्ट श्रीमती कमल शेखावत के निर्देशन तथा एडीसीपी प्रवीण कुमार के सुपरविजन में अंजाम दी गई।

कार्रवाई को सफल बनाने में राजीव गांधी नगर थानाधिकारी रविन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व वाली थाना टीम और डीएसटी (DST) वेस्ट टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# रावतसर में 2 नशा तस्कर गिरफ्तार:490 ग्राम अफीम, 8 किलो डोडा-पोस्त, नकदी और कारतूस बरामद

bhaskar.com/local/rajasthan/hanumangarh/news/rawatsar-hanumangarh-police-drug-bust-opium-doda-post-arrest-138525854.html

दैनिक भास्कर

July 24, 2026

हनुमानगढ़ जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत रावतसर थाना पुलिस ने 2 अलग-अलग कार्रवाई की है। इन कार्रवाइयों में 490 ग्राम अवैध अफीम, 7.932 किलोग्राम डोडा पोस्त, चार जिंदा कारतूस और 81,400 रुपए की नकदी बरामद

# पुलिस की एनएच पर नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई:11.56 लाख रुपये की अफीम के साथ एक गिरफ्तार, दूसरा साथी पहाड़ियों की ओर भागा

bhaskar.com/local/rajasthan/nagaur/riya-badi/news/nagaur-thanwala-police-arrest-smuggler-seize-opium-drug-bust-138520345.html

दैनिक भास्कर

July 23, 2026

ऑपरेशन नशामुक्त नागौर के तहत थांवला थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11.56 लाख रुपये मूल्य की 2 किलो 312 ग्राम अवैध अफीम जब्त की है। इस कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

# 47 किलो 110 ग्राम अफीम डोडाचूरा जब्त, बिजयपुर पुलिस ने आरोपी सहित कार पकड़ी

प्रा pratahkal.com/amp/chittorgarh/bijaypur-police-seizes-opium-poppy-husk-accused-arrested-1615143

Gopal Khatik, Chittorgarh July 23, 2026

## बिजयपुर पुलिस ने नाकाबंदी में फोर्ड कार से 47 किलो 110 ग्राम अफीम डोडाचूरा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया, जांच जारी है।

समीपवर्ती बिजयपुर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए एक फोर्ड कार से 47 किलो 110 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जुलाई माह में एनडीपीएस एक्ट के तहत बिजयपुर पुलिस की यह लगातार चौथी कार्रवाई है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की गई। एएसपी गजेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण एवं पुलिस उपअधीक्षक दिनेश सुखवाल के सुपरविजन में बिजयपुर पुलिस ने अवैध अफीम डोडाचूरा परिवहन करते फोर्ड कार सहित 47 किलो 110 ग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

थानाप्रभारी रामलाल मीणा ने बताया कि पुलिस जाप्ते ने धराणा गांव से उदपुरा रोड पर नाकाबंदी की थी। इस दौरान उदपुरा की तरफ से एक काले रंग की आईकन फोर्ड कार आती दिखाई दी। पुलिस ने कार को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक कार को साइड से निकालने का प्रयास करने लगा। तेज रफ्तार होने के कारण कार बड़े पत्थर से टकरा गई, जिससे आगे का टायर फट गया और एक्सल टूट गया।

इसके बाद चालक कार को करीब 10 मीटर दूरी पर सड़क पर खड़ी कर खेतों की ओर भाग गया। पुलिस ने घेरा डालकर चालक को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में चालक ने अपना नाम गोपाल (23) पुत्र गेहरीलाल गुर्जर निवासी-उदपुरा (बिजयपुर) बताया।

नियमानुसार फोर्ड कार की तलाशी लेने पर कार में रखे 02 प्लास्टिक के कट्टों और 01 कपड़े के बोरे में 47 किलो 110 ग्राम अवैध डोडाचूरा मिला। पुलिस ने कार चालक गोपाल और वाहन फोर्ड कार को जब्त कर लिया। मामले में अनुसंधान जारी है।

# 910 ग्राम चरस के साथ दंपती समेत पांच गिरफ्तार

amarujala.com/amp/himachal-pradesh/bilaspur/accused-arrested-with-charas-bilaspur-news-c-92-1-ssml1001-164203-2026-07-23

शिमला ब्यूरो July 23, 2026

जम्मू और कुल्लू के रहने वाले हैं पांचों आरोपी

झंडूता थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी
बिलासपुर। जिला पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम (एसडीटी) ने धराड़सानी फोरलेन लिंक रोड क्षेत्र में 910 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ थाना झंडूता में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार एसडीटी बिलासपुर की टीम ने धराड़सानी फोरलेन लिंक रोड क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान दो वाहनों की जांच की। इस दौरान वाहनों से 910 ग्राम चरस (कैनाबिस) बरामद हुई। पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी चरस कहां से लेकर आए थे और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

आरोपियों की पहचान सौरव कुमार (28) पुत्र जगदीश राज निवासी विकासनगर, पटोली जम्मू, अक्षा (28) पत्नी सौरव कुमार, हरीश ठाकुर (20) पुत्र मोती लाल निवासी पाथला तहसील जरी कुल्लू, सुमंत शर्मा (22) पुत्र ओम प्रकाश शर्मा निवासी धरमौर तहसील जरी कुल्लू और प्रियांशु ठाकुर (21) पुत्र शेर सिंह निवासी बगयाड़ा तहसील जरी कुल्लू शामिल हैं।

# छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर गांजा तस्करी:बस्तर के रास्ते रायपुर ले जा रहे थे गांजा, बीच रास्ते पुलिस ने 2 को पकड़ा

**bhaskar.com**/local/chhattisgarh/bastar/jagdalpur/news/bastar-police-arrest-ganja-smugglers-odisha-raipur-border-138525148.html

दैनिक भास्कर July 24, 2026

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।
बस्तर पुलिस ने एक बार फिर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर पुलिस ने ओडिशा से गांजा लेकर छत्तीसगढ़ आ रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

# पानीपत में पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति अभियान:छात्रों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प; बोले- नशा नहीं, शिक्षा और खेल चुनें

bhaskar.com/amp/local/haryana/panipat/matlouda/news/panipat-students-pledge-anti-drug-campaign-nasha-mukt-haryana-138521118.html

दैनिक भास्कर

July 23, 2026

जवाहर नवोदय विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत छात्रों को जागरूक करते पुलिस अधिकारी।
हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने पानीपत जिले के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, नौल्था और गांव पलड़ी के सरकारी स्कूल में नशा मुक्ति अभियान चलाया। यह अभियान लोकमान्य तिलक और अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने का संकल्प दिलाने के लिए आयोजित किया गया।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के महानिदेशक संजय कुमार और पुलिस महानिरीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में यह जागरूकता कैंप आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रिंसिपल राजेश कुमार नरवाल ने की।

गांव पलड़ी के सरकारी स्कूल में नशा मुक्ति अभियान के तहत छात्रों को जागरूक कहते पुलिस अधिकारी।
**'नशे जैसी बुराइयों से दूर रहना चाहिए'**

उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महान क्रांतिकारियों के आदर्शों पर चलकर नशे जैसी बुराइयों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र को भी कमजोर करता है। प्राचार्य राजेश कुमार नरवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, नैतिक मूल्य, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करते हैं।

**घर-घर जाकर ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक किया**

इसी क्रम में पानीपत एसपी भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में गांव पलड़ी के सरकारी स्कूल और गांव में घर-घर जाकर ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया। जिला नोडल अधिकारी डीएसपी प्रणय कुमार ने युवाओं से नशे की लत से बचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार प्रयास कर रही है कि युवा वर्ग नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को संवारें और शिक्षा के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान दें।

# समेजा कोठी में नशामुक्ति जागरूकता अभियान:तीन स्कूलों में 575 छात्रों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

bhaskar.com/local/rajasthan/sriganganagar/samejakothi/news/sameja-kothi-students-pledge-anti-drug-campaign-awareness-138519388.html

दैनिक भास्कर

July 23, 2026

समेजा कोठी में गुरुवार को नशामुक्त समाज जागरण मंच समेजा कोठी की ओर से तीन स्कूलों में नशामुक्ति छात्र संवाद एवं जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान में राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल 22 पीटीडी, राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल 19 पीटीडी और पीएम श्री राजकीय

# EAST

# Two held with brown sugar

orissapost.com/two-held-with-brown-sugar

Post News Network

July 24, 2026

**Bhubaneswar:** Police have arrested two drug peddlers and seized 16 grams of brown sugar from their possession during a raid at Jatni, officials said Thursday.

A special team from Jatni police station conducted a surprise raid near Smasana Padia at Mundia Sahi and apprehended the two accused, police said.

# अफीम तस्करी के तीन दोषियों को 10-10 साल की सजा

**lagatar.in**/three-convicted-of-opium-smuggling-sentenced-to-10-years-in-prison-each

23 जुलाई 2026

**Latehar:** अफीम तस्करी के मामले में कोर्ट ने तीन दोषियों को 10-10 साल की सजा सुनाई है. कोर्ट ने तीनों दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है.

अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश (II) की अदालत ने बालूमाथ थाना कांड संख्या 14/2024 की सुनवाई करते हुए अफीम की तस्करी करने वाले आरोपियों पर लगाये गये आरोपों को सत्य पाया.

अदालत ने इस मामले के तीन आरोपियों अमृत यादव पिता स्व रूपलाल यादव  (सेरेगढ़ा, बालुमाथ),अखिलेश यादव पिता मोहन यादव (बहेराटोला, पिंडारकोम, बालूमाथ) तथा रितेश कुमार यादव पिता स्व चरका यादव (मनसिघा, बालूमाथ) को 10-10 वर्ष की कारावास की सजा और एक-एक लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई. जुर्माना नहीं अदा करने पर छह माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी.

# बिहटा में 108 पुड़िया स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार:50 हजार की ड्रग्स बरामद, आरोपी घर से चलता था कारोबार; नेटवर्क खंगाल रही पुलिस

**bhaskar.com**/local/bihar/patna/bihta/news/bihta-smack-smuggler-arrested-patna-police-drug-seizure-138518524.html

दैनिक भास्कर

July 23, 2026

पटना में पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 108 पुड़िया स्मैक, 900 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस अब उसके नेटवर्क और सप्लाई चेन की जांच में जुटी है।

# दो नशीली कारोबारी गिरफ्तार:जोगबनी पुलिस ने 10.70 ग्राम ब्राउन शुगर और नेपाली मोबाइल बरामद किया

**bhaskar.com**/local/bihar/araria/deviganj/news/jogbani-police-arrest-drug-peddlers-seize-brown-sugar-mobile-138520768.html

दैनिक भास्कर July 23, 2026

भारत-नेपाल सीमा पर चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत जोगबनी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10.70 ग्राम ब्राउन शुगर और एक नेपाली मोबाइल फोन बरामद किया गया।

# हरलाखी में 260 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त, 2 तस्कर गिरफ्तार:पुलिस ने नशा कारोबार पर किया बड़ा प्रहार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व हुई कार्रवाई

**bhaskar.com**/local/bihar/madhubani/benipatti/news/harlakhi-madhubani-brown-sugar-seized-police-arrest-smugglers-138521848.html

दैनिक भास्कर

July 23, 2026

मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र में पुलिस ने 260 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देश पर बेनीपट्टी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में की गई।

# जोगबनी में 11.70 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

bhaskar.com/local/bihar/araria/jogbani/news/two-arrested-with-1170-grams-of-brown-sugar-in-jogbani-dbp-138523890.html

दैनिक भास्कर July 24, 2026

जोगबनी | जोगबनी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर नेताजी चौक स्थित स्वास्तिक नगर में छापेमारी कर 11.70 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की। कार्रवाई के दौरान स्वास्तिक नगर निवासी मुकुल कुमार साह (पिता- आनंदी साह) और जयप्रकाश नगर निवासी रविन्द्र साह

# सुपौल में 31.6 किलो गांजा जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार:दूसरा तस्कर फरार; दो बाइक और 12.64 लाख की खेप जब्त

**bhaskar.com**/local/bihar/supaul/news/supaul-veerpur-ganja-smuggling-arrest-seized-police-action-138526463.html

दैनिक भास्कर July 24, 2026

सुपौल के वीरपुर थाना क्षेत्र में नेपाल-भारत सीमा के पास पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 31.6 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया।

आसूचना प्रवर्तन समन्वय

INTELLIGENCE ENFORCEMENT COORDINATION


**Narcotics Control Bureau, Govt. of India**

**नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, भारत सरकार**

Do you have a tip for NCB? Call on toll free number 1933 (24x7 : National Narcotics Helpline)

**Join Us**

narcoticsindia.nic.in | narcoticsbureau | ncbmanas | narcoticscontrolbureauindia | india.ncb

Narcotics control Bureau | narcotics-control-bureau | narcotics-control-bureau-india